दिनांक–04.09.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में प्रत्येक ग्राम पंचायत में की जाएगी पीएम किसान समृद्धि केंद्र की स्थापना।
- जबलपुर ने सबसे स्वच्छ वायु वाले शहरों में देश में दूसरा और प्रदेश में पहला स्थान किया हासिल।
- विभिन्न देशों के दूरसंचार मंत्री ग्वालियर का करेंगे दौरा, संगीत नगरी की उपलब्धियों पर होगी चर्चा।

**और**

- प्रदेश में अब तक इस मानसून सीजन की 95 फीसदी बारिश हुई, अभी भी जारी रहेगा बारिश का दौर।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**पीएम किसान समृद्धि केंद्र**

प्रदेश में प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र की स्थापना की जाएगी। सोयाबीन की फसल के साथ ज्वार, बाजरा, मक्का की फसलों को भी प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में कहा है कि किसानों को पीएम किसान समृद्धि केंद्रों के द्वारा खाद, बीज, कृषि उपकरण, मिट्टी परीक्षण के साथ विभिन्न प्रकार की जानकारी एक ही जगह उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा 5 ऑइल मिल की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि जिला सहकारी बैंको को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए योजना तैयार करें।

**मंत्रिपरिषद फैसले**

राज्य मंत्रि–परिषद द्वारा कल राज्य के हर विकास खंड में वृंदावन ग्राम और शहरी इलाकों में गीता भवन खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अलावा मंत्रि–परिषद ने चार हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि की दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। वृंदावन ग्राम योजना में हर विकासखंड से एक ग्राम का चयन किया जाएगा। जिसमें दूध उत्पादन के साथ उद्यानिकी और औषधीय खेती को बढ़ावा देंगे। गोबर आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करना, गौशाला बनाना, सभी आवासों को सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने, सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था, खेल मैदान, लघु वनोपज के संग्रहण को बढ़ावा देने का काम किया जाएगा। वहीँ, गीता भवन सभी नगरीय निकायों में खोले जाएंगे। ये वैचारिक अध्ययन केंद्र के रूप में काम करेंगे और पठन पाठन की सामग्री देने का काम होगा।

**प्रधानमंत्री– ब्रुनेई सिंगापुर यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया के साथ वार्ता करेंगे। इस दौरान आपसी संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा होने के साथ ही दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्र तलाश करने पर चर्चा होने की संभावना है। श्री मोदी द्विपक्षीय यात्रा पर ब्रुनेई जाने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं।

प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दूसरे चरण में आज सिंगापुर के लिए रवाना होंगे। इस दौरान दोनों नेता आपसी हित के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री करीब छह साल बाद सिंगापुर जाएंगे।

**स्वच्छ शहर–जबलपुर**

जबलपुर ने देशभर में दूसरे सबसे स्वच्छ वायु वाले शहर होने का गौरव प्राप्त किया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित 'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण–2024' में जबलपुर ने देशभर के 131 शहरों को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल

किया है। पहले स्थान पर सूरत है। निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि जबलपुर देश में दूसरे स्थान पर और प्रदेश के शहरों में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सड़क की धूल नियंत्रण और निर्माण कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण जैसे कई कदम उठाए गए हैं।

**विश्व बैंक– भारतीय अर्थव्यवस्था**

विश्व बैंक ने कहा है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था स्वस्थ गति से आगे बढ़ रही है। विश्व बैंक के नवीनतम भारत विकास अपडेट 'बदलते वैश्विक संदर्भ में भारत के व्यापार अवसर' के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024–25 में विकास दर 7 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। यह 2025–26 और 2026–27 में भी मजबूत रहेगा। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि भारत ने राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति और डिजिटल पहल के माध्यम से अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाया है जिससे व्यापार लागत कम हो रही है।

**ग्वालियर–दौरा**

विभिन्न देशों के दूरसंचार मंत्रियों सहित 35 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल 13 अक्टूबर को ग्वालियर के भ्रमण पर आएगा। इस दौरान विभिन्न राष्ट्रों के मंत्रिगण यूनेस्को द्वारा घोषित म्यूजिक सिटी ग्वालियर में दुर्ग पर लाइट एण्ड साउण्ड शो देखेंगे। साथ ही ऊषा किरण पैलेस में दूरसंचार के क्षेत्र में मेड इन इंडिया की थीम पर प्रजेंटेशन भी देखेंगे। विभिन्न देशों के मंत्रिगणों के इस प्रतिनिधि मंडल की मेजवानी केन्द्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया करेंगे। ये सभी नई दिल्ली में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने जा रही विश्व दूरसंचार मानकीकरण असेम्बली में भाग लेने भारत आ रहे हैं।

**मौसम**

प्रदेश में अब तक इस मानसून सीजन की 95 फीसदी बारिश हो चुकी है। जो करीब 35 दशमलव 3 इंच है। 2 इंच पानी और गिरने से इस साल सामान्य बारिश का कोटा पूरा हो जाएगा। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का अनुमान जताया है। आज भी रतलाम–मंदसौर समेत 5 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। ऐसे में कोटा जल्द पूरा होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार लो प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ अभी प्रदेश से दूर है। फिर भी कहीं–कहीं तेज और हल्की बारिश होने का अनुमान है।

**मुख्यमंत्री पिता–अंतिम यात्रा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पिताजी पूनमचंद यादव की अंतिम यात्रा आज सुबह 11. 30 बजे उनके घर गीता कॉलोनी अब्दालपुरा उज्जैन से प्रारंभ होगी। उनका अंतिम संस्कार क्षिप्रा तट पर भूखीमाता मंदिर के पास होगा। श्री यादव का कल निधन हो गया था। वे 100 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन की खबर मिलने पर राजनैतिक, प्रशासनिक और आम लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

**पैरालिंपिक**

पेरिस पैरालिंपिक में कल भारत ने 5 पदक जीते। दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी–ट्वेंटी दौड़ में कांस्य पदक जीता, वहीं शरद कुमार ने रजत और मरियप्पन थंगावेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद–टी–63 में कांस्य पदक जीता। पुरुषों की भाला F–46 में, भारत ने अजीत सिंह के रजत और सुंदर गुर्जर के कांस्य के साथ दो पदक जीते। आज सातवें दिन भी भारतीय दल कई प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार जी द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ के छतरपुर जिले में कल भाजपा संगठन सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया।
- इंदौर जिले में ऐसे समस्त शासकीय/अशासकीय कार्यालयों में आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जायेगा जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हो।

- निवाड़ी में दो पूर्व व वर्तमान बीईओ सहित 11 लोगों पर निवास थाने में एफआइआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई 43 लाख से अधिक के घोटाले की जांच के दौरान की गई।
- धार जिले में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में वृद्धावस्था में होने वाली बिमारियों के निवारण एवं परामर्श के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल किया जायेगा।
- पन्ना होटल एसोसिएशन द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने आईएटीओ ग्रुप को सुझाव दिए गए।इसके द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक नया रोड़ मैप तैयार किया जा रहा है।
- कटनी में पोषण माह के अंतर्गत आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा मिलेट् के खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया गया तथा 3 से 6 वर्ष तक के 56 हजार बच्चो को गर्म पका भोजन प्रदान किया।
- डिंडोरी में कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में समस्त सीईओ जनपद पंचायत, वॉटर शेड के अधिकारी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।
- सतना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये 84 आवेदकों की समस्यायें सुनी गयी।
- खंडवा में जिला कुश्ती संघ के तत्वावधान में स्वर्गीय रघुनाथ पांजरे की याद में महिला एवं पुरुष पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन आज और कल इंडौर स्टेडियम में होने जा रहा है।
- लोकमाता अहिल्या देवी के 300वें जन्मोत्सव वर्ष पर राज्य मंत्रि–परिषद की आगामी बैठक खरगोन जिले के महेश्वर में होगी।
- राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टैक्नोलॉजी एवं सरोगसी बोर्ड ने सरोगसी के लिये आवश्यक इंश्योरेंस की सीमा न्यूनतम 10 लाख रूपये नियत की है।
- शिक्षक दिवस के सन्दर्भ में आज भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रातः 10 बजे से शैक्षिक संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। संगोष्ठी का विषय "भारतीय परिदृश्य में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की आवश्यकता तथा महत्व'' है।
- उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने कृषि में उन्नत तकनीकों को बढ़ावा देकर कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय स्टीयरिंग समिति का गठन किया है। यह समिति इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन द्वारा संचालित एग्टेक बैक्ड कंसोर्टियम के सहयोग से कार्य करेगी।
- मप्र विधानसभा में अब तीन समितियों को गठन किया जाएगा। इनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति का राज्य में क्रियान्वयन, आयुष्मान भारत योजना का राज्य में क्रियान्वयन और नई न्याय संहिता के विषय में बताने वाली समिति शामिल है।

...................................